प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा परिणाम रद्द करने के विरोध में छात्र आंदोलन को लेकर राँची में बीएनएस की धारा 163 लागू, सुरक्षा के किए गए व्यापक इंतजाम।
- लोकसभा में पेश होगा एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक, केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल संसद में करेंगे पेश।
- कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा – राज्य के किसानों को इस वर्ष धान खरीद में एमएसपी के अलावा मिलेंगे बोनस के 100 रुपए।
- 68वें नेशनल स्कूल गेम्स के अंडर–17 बॉक्सिंग में झारखंड के मुक्केबाज देवराना ने जीता स्वर्ण पदक।
- झारखंड के 9 जिलों में बढ़ा ठण्ड का प्रकोप, मौसम विभाग ने 20 और 21 दिसंबर को दी बारिश की चेतावनी।
- तबला उस्ताद ज़ाकिर हुसैन का निधन, देश में शोक की लहर।

*******************

राजधानी के नामकुम क्षेत्र में छात्र आंदोलन को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी गयी है। इसे पहले धारा 144 के नाम से जाना जाता था। इसके तहत क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विरोध–प्रदर्शन, धरना करना गैरकानूनी होगा। इसके मद्देनजर जेएसएससी कार्यालय के आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतेज़ाम किए गए हैं। गौरतलब है कि सीजीएल परीक्षा के परिणाम रद्द करने को लेकर आज छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय के सामने आंदोलन करने का ऐलान किया है। रांची जिला प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के आक्रामक प्रदर्शन में भाग लेने से बचें। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने छात्रों को संदेश दिया है कि ऐसी गतिविधियां छात्रों की शिक्षा और कैरियर पर भी गहरा प्रभाव डाल सकती हैं ।

जेएसएससी ने इस परीक्षा के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए आज से 20 दिसंबर तक आयोग के दफ्तर में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

*******************

एक राष्ट्र एक चुनाव, से संबंधित दो विधेयकों को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 129वां संविधान संशोधन विधेयक और केन्द्रशासित क्षेत्र संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेंगे। गौरतलब है कि एक राष्ट्र एक चुनाव का सिद्धांत दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जाएंगे जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव आम चुनावों के सौ दिनों के भीतर कराये जाएंगे।

*******************

आज देश विजय दिवस मना रहा है। विजय दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजय दिवस की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली के आर्मी हाउस में एक कार्यक्रम में भागीदारी की। इस अवसर पर उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी उपस्थित थे।

*******************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि राज्य में किसानों को इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य– एमएसपी दो हजार तीन सौ रुपए साथ ही बोनस 100 रुपए मिलेगा। कुल मिलाकर उन्हें दो हजार चार सौ रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही एमएसपी 3200 रुपए भी करने की प्रक्रिया जारी है।

*******************

गुमला जिले में खरीफ विपणन मौसम 2024–25 के तहत धान अधिप्राप्ति योजना का शुभारंभ कर दिया गया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

देश में 26 जनवरी, 1950 को संविधान अंगीकार किए जाने के अगले साल 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में दो दिन की विशेष चर्चा आज से राज्यसभा में शुरू होगी। शुक्रवार और शनिवार को लोक सभा में भी संविधान पर विशेष चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल राज्यसभा में इसका जवाब देने की संभावना है।

*******************

रांची समेत पूरे झारखंड में कड़ाके की सर्दी लोगों को ठिठुरा रही है। सुबह में कुहासे के साथ कनकनी बढ़ गई है। पलामू, गढ़वा, चतरा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गुमला समेत कई जिले शीतलहर की चपेट में हैं। राज्य के करीब नौ जिलों का पारा छह डिग्री से नीचे आ चुका है। ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो रांची से सटे कांके का तापमान 2 दशमलव .5 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि रांची शहर का तापमान पिछले 24 घंटे में दो डिग्री नीचे गिरकर 7 दशमलव 6 डिग्री रहा। यहां अधिकतम तापमान 21 दशमलव 5 डिग्री रहा। आईएमडी के मुताबिक, 20 और 21 दिसंबर को बारिश भी हो सकती है।

*******************

क्वालालम्पुर में महिला जूनियर एशिया कप टी–टवेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप–ए के पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर मात्र 67 रन बना सकी। सोनम यादव ने चार ओवरों में 6 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं कमलिनी ने 29 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए। भारत का अगला मैच कल नेपाल से होगा।

*******************

भारत ने महिला जूनियर एशिया कप हॉकी चौंपियनशिप जीत ली है। कल रात ओमान की राजधानी मस्कत में फाइनल में भारत ने चीन को 3–2 से पराजित किया। शूटआउट में साक्षी राणा, इशिका और सुनेलिता टोप्पो ने गोल किए जबकि भारतीय गोलकीपर निधि ने पेनल्टी शूटआउट में तीन गोल बचाए। भारत की दीपिका सेहरावत ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 12 गोल किए। भारत ने पिछले वर्ष कोरिया गणराज्य को हराकर पहला महिला जूनियर एशिया कप जीता था।

*******************

68वें नेशनल स्कूल गेम्स के अंडर–17 बॉक्सिंग में राज्य के मुक्केबाज देवराना ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 5–0 से हराया और फाइनल में तमिलनाडु को 5–0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। पलामू जिले के रत्नाग, पांडु स्थित उत्कृष्ट +2 उच्च विद्यालय के 11वीं कक्षा के छात्र देवराना की इस शानदार जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, राज्य टीम के कोच अनुपम तिवारी समेत अन्य अधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

*******************

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। 73 वर्षीय हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। गौरतलब है कि छह दशक के करियर में श्री हुसैन ने पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते। साथ ही उन्हें 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 पद्म विभूषण पुरस्कारों से नवाजा गया था।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

प्रभात खबर और दैनिक जागरण ने रांची के नामकुम में जमीन कारोबारी की हत्या को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। लिखा है– नामकुम क्षेत्र में पुलिस हाई अलर्ट के बीच जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या।

दैनिक भास्कर ने असम के बोट क्लिनिक प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए लिखा है–असम के पंद्रह जिलों में क्लिनिक ओन बोट,40 लाख लोगों का अबतक हो चुका है इलाज।

दैनिक हिंदुस्तान ने राज्य में बढ़ती ठंड का जिक्र करते हुए लिखा है नौ जिलों में पारा 6 डिग्री ने नीचे गिरा।

रांची एक्सप्रेस दैनिक ने गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– भारत को जल्द मिलने वाली है नक्सलवाद से मुक्ति।

*******************